राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ.7 (02)/परीक्षा/व.अ./मा.शि./2018–19/विविध/ दिनांक 08.09.2021

प्रेस–विज्ञप्ति

वरिष्ठ अध्यापक (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2018 (TSP/NON TSP) के माह जुलाई व अगस्त 2021 में घोषित परिणाम एवं पूर्व में आयोग द्वारा चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों में से कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले कतिपय अभ्यर्थियों के विरूद्ध आयोग द्वारा आरक्षित सूची से Pick UP किये गए अभ्यर्थियों की पात्रता जांच में प्रोवीजनल/सशर्त पात्र रहे अभ्यर्थियों को वांछित दस्तावेज जमा कराने हेतु SMS के माध्यम से सूचित किया गया साथ ही प्रोवीजनल अभ्यर्थियों की सूची सकारण आयोग की वेबासईट पर अपलोड करते हुए पत्र भी प्रेषित किये गये। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा वांछित दस्तावेज आयोग को प्रस्तुत नहीं किए जाने पर स्मरण पत्र जारी किए गए।

इस प्रकार पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त भी नव–चयनित अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन–पत्र (मय आवश्यक दस्तावेज) एवं प्रोवीजनल रहे अभ्यर्थियों से वांछित दस्तावेज प्राप्त होना शेष है। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची मय कारण पुनः आयोग की वेबसाईट https:/rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी की जा रही है ।

अतः उक्त अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध सूची के अनुसार वांछित दस्तावेज इस प्रेस–विज्ञप्ति के जारी होने की दिनांक से 05 दिवस की अवधि में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिशः दिनांक 13.09.2021 तक (सायं 4.00 बजे तक) आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करावें।

उक्त निर्धारित अवधि में अभ्यर्थी द्वारा वांछित दस्तावेजों की पूर्ति नहीं किये जाने पर आयोग द्वारा अभ्यर्थी की पात्रता रद्द करते हुए चयन निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(शुभम् चौधरी)
सचिव